औरैया पुलिस

प्रेस-नोट **दिनांकः-12.06.2026**

थाना दिबियापुर पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 01 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार व 01 बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लेकर चोरी किया हुआ माल बरामद किया गया।

कार्यवाही- श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन,कानपुर व श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र,कानपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियो पर नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक औरैया के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक औरैया व क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना दिबियापुर पुलिस टीम द्वारा थाना दिबियापुर पर पंजीकृत मु0अ0स0 221/26 धारा 305(a)/331(4) बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए 01 अभियुक्त गोपाल पोरवाल पुत्र स्व0 रमाकान्त पोरवाल को गिरफ्तार व 01 बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लेकर कब्जे से 18 अदद तोडिया सफेद धातु ,06 अदद पायल सफेद धातु ,02 अदद कमरबन्द सफेद धातु , 390000/- रुपये नकद बरामद किये गये।

घटना का संक्षिप्त विवरण- वादी श्री प्रशान्त पोरवाल पुत्र स्व0 विनोद पोरवाल निवासी मोहल्ला नेहरु नगर थाना दिबियापुर जनपद औरैया द्वारा दिनांक 11.06.2026 को थाना दिबियापुर पर अज्ञात चोरो द्वारा वादी के घर का ताला तोडकर अलमारी से 5 ½ लाख रुपये व करीब 02 किग्रा चाँदी के आभूषण चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया गया था । प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 221/26 धारा 305(a)/331(4) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। घटना के शीध्र अनावरण हेतु उच्चाधिकारियों द्वारा पुलिस टीमों का गठन किया गया था। जिसके क्रम में थाना दिबियापुर पुलिस टीम द्वारा रात्रि चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर **आज दिनांक 12.06.2026 को समय 1:30 बजे वैसुन्धरा तिराहा से करीब 100-150 मीटर आगे बनी पुलिया से** 01 अभियुक्त व 01 बाल अपचारी को चोरी किये हुए माल सहित गिरफ्तार किया गया पूछताछ एवं बरामदगी के आधार पर उक्त अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी करअग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

पूछताछ का विवरण- अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि हम दोनो ने दिनांक 28/5/26 को अपने पडोसी प्रशान्त पोरवाल के घर से चोरी की थी पकडे जाने के डर से चोरी का सामान हम दोनो लोगो ने वैसुन्धरा तिराहा से करीब 100-150 मीटर आगे फफूंद की तरफ वाएं हाथ की तरफ बनी पुलिया के पास झाडियो में छिपा दिया था आज काफी दिन हो जाने के वाद हम लोगो ने चोरी के सामान को आपस में बाँटने के लिये पुलिया पर आये थे सामान को बाँटने के बाद हम लोग वहां से जाने के लिये वाहन का इन्तजार कर रहे थे तभी आप लोगो ने हमे पकड लिया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण विवरण-

1.गोपाल पोरवाल पुत्र स्व0 रमाकान्त पोरवाल निवासी वार्सी पेट्रोल पम्प के सामने नेहरु नगर कस्बा व थाना दिबियापुर जनपद औरैया उम्र करीब 35 वर्ष

2. बाल अपचारी

अनावरित अभियोग-

1.मु0अ0सं0 221/26 धारा 305(a)/331(4)/317(2) बीएनएस थाना दिबियापुर,औरैया।

आपराधिक इतिहास- अभियुक्त गोपाल पोरवाल पुत्र स्व0 रमाकान्त पोरवाल

1.मु0अ0सं0 123/18 धारा 328/380 भादवि थाना दिबियापुर , औरैया।

आपराधिक इतिहास- बाल अपचारी

1.मु0अ0सं0 577/25 धारा 305(a)/317(2)/ 317(4)/331(4) बीएनएस थाना दिबियापुर,औरैया।

बरामदगी-

1- 3,90,000/- रुपये नकद

2-अठारह अदद तोडिया सफेद धातु

3- छः अदद पायल सफेद धातु

4- दो अदद कमरबन्द सफेद धातु

(2 से 4 तक) कुल वजन 1.3 किग्रा

गिरफ्तारी करने वाली टीम-

1.थाना प्रभारी श्री सत्यप्रकाश सिंह थाना दिबियापुर जनपद औरैया मय हमराह।

1.उ0नि0 अरुण कुमार थाना दिबियापुर जनपद औरैया।

2.का0 863 अनिल कुमार थाना दिबियापुर जनपद औरैया।

3.का0 1214 शशिकान्त थाना दिबियापुर जनपद औरैया।

4.का0 1163 अर्जुन सिंह थाना दिबियापुर जनपद औरैया।

उत्तर प्रदेश पुलिस